भारत सरकार
भारी उद्योग मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 3103
22 मार्च, 2022 को उत्तर के लिए नियत

"सरकारी क्षेत्र में रुग्ण भारी उद्योग"

3103. श्री जुएल ओराम:

क्या **भारी उद्योग** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) देश के विभिन्न राज्यों में सरकारी क्षेत्र में स्थापित किए गए भारी उद्योगों का ब्यौरा क्या है और उनकी संख्या कितनी है?

(ख) इन इकाइयों के कार्य-निष्पादन का ब्यौरा क्या है:

(ग) क्या इनमें से कोई इकाई रुग्ण हो गई है:

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं; और

(ङ) इन इकाइयों को फिर से चालू करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर
भारी उद्योग राज्य मंत्री
(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)

(क) : उद्योगों की स्थापना राज्य का विषय है और इसलिए, भारी उद्योग मंत्रालय देश के विभिन्न राज्यों में सार्वजनिक क्षेत्र के भारी उद्योगों की स्थापना संबंधी कोई केंद्रीकृत आंकड़ा नहीं रखता।

(ख) से (ङ) : प्रश्न नहीं उठता।

***